**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 30.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में मिशन शक्ति को अधिक प्रभावी करने हेतु सभी मिशन शक्ति टीम के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ सभागार में बैठक का किया गया आयोजन।**

**विवरण-** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम आज दिनांक 30.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के साथ मिशन शक्ति को अधिक प्रभावी करने हेतु सभी मिशन शक्ति टीम के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ सभागार में बैठक का किया गया आयोजन। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों और शासन द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी देना। साथ ही साथ कार्यक्रम में छात्राओं को सरकार द्वारा जारी महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्त्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं जैसे 1090 (वीमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) सहित अन्य सहायता नंबरों की जानकारी के बारे में जनता के बीच में ज्यादा से ज्यादा साझा करना। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चल रही प्रमुख योजनाओं जैसे महिला हेल्प डेस्क की स्थापना, पिंक पेट्रोलिंग, साइबर क्राइम से सुरक्षा, महिला बीट अधिकारियों की भूमिका, तथा पुलिस की तत्परता से संबंधित जानकारी भी साझा करें। मिशन शक्ति के अंतर्गत चल रहे अभियानों की प्रगति की समीक्षा की तथा प्रत्येक अधिकारी को उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को महिला सुरक्षा सम्बन्धी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जाए ताकि जरूरतमंद महिला तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सके।